तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025

10 शिक्षक गाइड का उपयोग न करने पर टीचर को फटकारा


10 अंडर-11 जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ






कुरुक्षेत्र। रत्नावली महोत्सव के तीसरे दिन समूह नृत्य रसिया की प्रस्तुति देते विद्यार्थी व पर्यटकों का मनोरंजन करते सपेरा बीन पार्टी के कलाकार तथा ढोल की थाप पर थिरकती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# पूरे विश्व में बज रहा हरियाणवी संस्कृति का डंका : भारती

## कुरुक्षेत्र में रत्नावली महोत्सव का तीसरा दिन

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी बोले, प्रत्येक छात्र पूरी मेहनत के साथ करे पढ़ाई और अपने माता-पिता के सपने को करे साकार




कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- हस्तशिल्प मेले का अवलोकन किया, स्वावलंबी भारत के प्रयासों की खुले कंठ से प्रशंसा की

पूरे विश्व में भारत की चर्चा है और उस चर्चा में सबसे ज्यादा डंका हरियाणा का बज रहा है। हरियाणा की लोक संस्कृति सबसे समृद्ध है। यहां के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश तरक्की की ओर अग्रसर है। यह विचार हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय रत्नावली समारोह में तीसरे दिन दोपहर बाद के सत्र में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर उनके साथ पशुधन बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, डॉ. ममता सचदेवा, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. बीवी रमना रेड्डी व उनकी धर्मपत्नी, उपस्थित थे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहुंचने पर सभी अतिथियों का कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल, डीवाईसीए निदेशक प्रो. विवेक चावला ने स्वागत किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने रत्नावली हस्तशिल्प मेले का अवलोकन किया और स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर भारत के प्रयासों की खुले कंठ से प्रशंसा की। भारत भूषण भारती ने कहा कि हमारी संस्कृति, विरसा, परंपरा, रीति-रिवाज सबसे समृद्ध है। हमें अपने पूर्वजों से मिली इस समृद्ध विरासत को सहेज कर रखना है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रगति की ओर अग्रसर है।

विश्वविद्यालय ने शिक्षा खेल, शोध, संस्कृति के क्षेत्र में अद्वितीय काम किया है। विश्वविद्यालय में आकर उन्हें बेहद अच्छा लग रहा है और अपने पुराने दिन स्मरण हो आए हैं। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मेहनत से अपना कार्य करें और एक अच्छा नागरिक बनते हुए अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। हरियाणा सरकार प्रांत के युवाओं के लिए बहुत सी जनकल्याण की नीतियां चला रही हैं जिनका लाभ लेकर युवा देश विदेश में अपना व अपने प्रांत का नाम रोशन कर सकते हैं। इस अवसर पर लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. आनंद कुमार, डॉ. ज्ञान चहल, उप-निदेशक डॉ. सलोनी पवन दिवान सहित डीन, निदेशक, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

### पुस्तक का लोकार्पण

कुरुक्षेत्र। हरियाणा की संस्कृति और परंपराएँ उस प्राचीन सभ्यता से जुड़ी हुई हैं जो सरस्वती नदी के तट पर फली-फूली थी। प्रोफेसर डॉ. ए. आर. चौधरी, निदेशक, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रिसर्च ऑन द सरस्वती रिवर द्वारा लिखित पुस्तक द सरस्वती रिवर गाथा का लोकार्पण मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा रत्नावली सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे दिन किया गया। प्रो. ए. आर. चौधरी ने बताया कि यह पुस्तक बहु-विषयक अनुसंधान पर आधारित है और इसमें इंडोलॉजी, भूविज्ञान, रिमोट सेंसिंग, पुरातत्व, जलविज्ञान, आदि से संबंधित भूवैज्ञानिक अनुसंधान शामिल हैं।

### हरियाणवी स्वाभिमान

आधुनिकता की चमक के बीच जब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रत्नावली महोत्सव में युवाओं ने पारंपरिक धोती-कुर्ता और पगड़ी पहनकर कदम रखा, तो लगा जैसे हरियाणा की आत्मा फिर से मंच पर उतर आई हो। यह नजारा सिर्फ लोक संस्कृति का नहीं, बल्कि शिक्षित और प्रोफेशनल पीढ़ी के भीतर अपनी जड़ों को महसूस करने का प्रतीक बन गया। महोत्सव में इस बार कई ऐसे युवा दिखाई दिए जो पढ़ाई के साथ-साथ अलग-अलग पेशों में आगे बढ़ रहे हैं, पर जब रत्नावली की बात आती है, तो वे गर्व से देसी परिधान धारण करते हैं।

## रत्नावली महोत्सव दे रहा प्रत्येक युवा को आगे बढ़ने का अवसर : प्रो. संजय कौशिक



कुरुक्षेत्र। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कौशिक को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

कुरुक्षेत्र। रत्नावली महोत्सव प्रत्येक छात्र को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। यह एक ऐसा मंच है जहां विद्यार्थी स्वतंत्र उड़ान भर रहे हैं और उन्हें उडान भरने का मौका कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय दे रहा है। यह विचार गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कौशिक ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय रत्नावली समरोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अपने विश्वविद्यालय में आकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। जब वे यहां पर पढ़ाते थे तब वे सोचते थे कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का छात्र देशभर में सर्वश्रेष्ठ है। आज 21 वर्ष बाद जब वे दोबारा अपने विश्वविद्यालय में आए और उन्होंने पूरे रत्नावली समारोह को देखा आज फिर वो गर्व से कह सकते हैं कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का विद्यार्थी व शिक्षक पूरे देशभर में सबसे श्रेष्ठ है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं जिन्होंने छात्रों को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनने का मौका दिया और रत्नावली समारोह में हरियाणवी बोली व सांझी को बढ़ावा देने का सार्थक प्रयास किया। इससे पूर्व रत्नावली समारोह में पंहुचने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने उनका स्वागत किया। तीसरे दिन रत्नावली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आए प्रो. संजय कौशिक ने कहा कि यह उत्सव विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करता है। रत्नावली उत्सव हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण व उसको पुर्नजीवित करने के कार्य में बड़ी गंभीरता से लगा है। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्राक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. अनिल मित्तल, डीवाएसीए निदेशक प्रो. विवेक चावला, सांस्कृतिक परिषद के प्रधान डॉ. ऋषि पाल, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, सहित डीन, निदेशक, शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### लूट का आरोपी पकडा

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने जीटी रोड पर गांव नांगल खेड़ी के पास युवकों की कार का रास्ता रोककर लूट करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी विक्की निवासी गांव मायना जिला रोहतक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से सात मोबाइल फोन व वारदात में प्रयुक्त स्कार्पियो गाड़ी बरामद की है। इस केस में सेक्टर 29 थाना में कैथल निवासी सुधीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### बकरी चोर गिरोह का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने कश्यप कॉलोनी में दुकान का ताला तोड़कर बकरी चोरी करने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी बच्चन निवासी प्रताप नगर, सदर बाजार, दिल्ली को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया थाना पुराना औद्योगिक में कश्यप कॉलोनी निवासी चांदराम की शिकायत पर नौ बकरी चोरी के आरोप में केस दर्ज है।

### नशा तस्कर को पांच साल की कैद

पानीपत। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश चौधरी ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी प्रदीप पुत्र धर्मपाल निवासी गांव नया बांस जिला सोनीपत को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने पर प्रदीप को एक साल का अतिरिक्त कारवास भोगाना होगा। सीआईए ने प्रदीप को मादक पदार्थ चूरा पोस्त के साथ पकडा था और उसके खिलाफ थाना चांदनी बाग में केस दर्ज करवाया गया था।

## तीन युवकों से ठगे साढ़े 46 लाख रुपये

- अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

साइबर ठगों ने जिले में तीन युवकों से साढ़े 46 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों ने शेयर मार्केट वह क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग के नाम पर रुपये ठगे। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

हुड्डा सेक्टर 17 निवासी प्रभजोत सिंह ने बताया कि 15 सितंबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके मोबाइल पर ग्लाइडबीट नाम से लिंक भेजा। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुप से जुड़ गया। जिसमें क्रिप्टो ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट के नाम पर बातचीत चल रही थी। आरोपियों ने उसे क्रिप्टो ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट करके अधिक प्रॉफिट कमाने का झांसा दिया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके 15 सितंबर से 13 अक्टूबर तक 40 लाख रुपए इन्वेस्टमेंट कर दिए। मगर इसके बाद उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं मिले। जब उसने आरोपियों से बात की तो आरोपियों ने उसे ग्रुप से बाहर कर दिया।

### ई चालान भेज कर ठगे दो लाख रुपये

*गांव मुसीबल निवासी हवा सिंह ने बताया कि 25 अक्टूबर को उसके व्हाट्सएप पर एक लिंक आया। जिसमें आरटीओ ई-चालान एपीके की फाइल भेजी गई थी। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसके अकाउंट से दो लाख रुपए कट गए। जब उसने पैसे काटने का मैसेज देखा तो उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई।*

### शेयर मार्केट के नाम पर ठगे साढे चार लाख

गांव श्यामपुर निवासी करम सिंह ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने क्लिक किया तो वह एक ग्रुप से जुड़ गया। जहां पर आरोपियों ने शेयर मार्केट में पैसे इन्वेस्टमेंट करने को कहा। उसने साढ़े चार लाख रुपये उनके अकाउंट में डाल दिए मगर इसके बाद प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए।

## युवक को गैर कानूनी तरीके से अमेरिका भेज कर ठगे साढ़े 12 लाख रुपये

*आधा दर्जन आरोपियों पर केस दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

- अमेरिका से युवक को डिपोर्ट किया

जगाधरी वर्कशॉप निवासी अनीता देवी ने आधा दर्जन लोगों पर उसके बेटे सागर को गैर कानूनी तरीके से अमेरिका भेजने के नाम पर साढे 12 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी वर्कशॉप निवासी अनीता ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा सागर पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात संदीप आढ़ती, लविश शर्मा, जसबीर कुमार, प्रदीप राणा, नवजोत व माइकल के साथ हुई। आरोपियों ने उसके बेटे को अमेरिका भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान आरोपियों ने उससे साढ़े 12 लाख रुपये ले लिए। अनीता देवी ने बताया कि आरोपियों ने उसके लड़के को गैर कानूनी तरीके से अमेरिका भेज दिया। जहां से उसके लड़के को डिपोर्ट कर दिया गया। उसने बताया कि आरोपियों के पास विदेश भेजने का कोई वैध लाइसेंस भी नहीं था। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे साढ़े आठ लाख

जिला अंबाला के गांव कुराली निवासी करम सिंह ने बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि यमुनानगर के चोपड़ा गार्डन स्थित ग्लोबल इन्फोटेक कार्यालय में युवाओं को विदेश भेजने का काम किया जाता है। वह चोपड़ा गार्डन स्थित ग्लोबल इन्फोटेक कार्यालय में आया। जहां पर उसकी मुलाकात रमनदीप कौर, अजय, प्रदीप, तरनप्रीत, जसमीत कौर, गुरदीप सिंह, गौरव व अजीत पाल के साथ हुई। आरोपियों ने उसे ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर साढे आठ लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपियों पर विश्वास करके उन्हें साढ़े आठ लाख रुपए व अपने दस्तावेज दे दिए। मगर इसके बाद भी आरोपियों ने उसे ऑस्ट्रेलिया नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब वह आरोपियों के कार्यालय में उनसे मिलने आया तो कार्यालय का ताला लगा हुआ था। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

### नीरज चोपड़ा का पैतृक गांव खंडरा के राजकीय स्कूल में अभिनंदन

## राजकीय स्कूलों में बनती है बच्चों की मजबूत नींव

- हर बच्चे को अपनी प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

भाला फैंक में गोल्ड मेडल विजेता ओलंपियन नीरज चोपड़ा का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव खंडरा में नागरिक अभिनंदन किया गया। नीरज ने कहा कि आमतौर पर राजकीय स्कूलों की शिक्षा व खेल व्यवस्था को कमजोर करार दिया जाता है, जबकि इनमें बच्चों की नींव मजबूत बनी है। नीरज ने बच्चों से संवाद किया और उन्हें सलाह देते हुए कहा कि हर बच्चे को अपनी प्रतिभा का पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सशक्त इंसान वह होता है जो सफलता की बुलंदी पर पहुंचने के बाद भी धरातल से जुडा रहता है।



पानीपत। गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा के साथ राजकीय स्कूल के विद्यार्थी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुरेश देशवाल, एसडीएम नवदीप सिंह, डीईओ राकेश बूरा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, खंड शिक्षा अधिकारी मडलौडा प्रतिभा शर्मा, खेल अधिकारी करण सिंह पूनिया, प्राचार्य जयपाल, मुकेश शर्मा आइएसआरपीएल, दविंदर माथुर श्री सीमेंट, पानीपत राउंड टेबल इंडिया 367 के प्रधान करण कंसल, अविरल, ब्लॉक समिति सदस्य मनजीत, मुकेश, अनिरुद्ध सिंह, सरपंच रामपाल आदि उपस्थित रहे।

## भांजे की हत्यारी मौसी को उम्रकैद

पानीपत। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार मेहता की अदालत ने भांजे गोलू मूल निवासी मल्लावा जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश की की गला दबा कर हत्या करने की दोषी मौसी देवकी मूल निवासी गांव कासीपुर, जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश हाल निवासी प्रजापत कालोनी, खटीक बस्ती क्षेत्र, पानीपत को उम्रकैद की सजा दी है। वहीं देवकी पर दस हजार रुपए जुर्माना किया, नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त कैद भोगनी होगी। स्मरणीय है कि गोलू की हत्या के केस में मुकेश की शिकायत पर 25 अगस्त 2021 को केस दर्ज है। पुलिस की जांच में पता चला था कि देवकी की उसके पति से अनबन चल रही थी और वह गोलू के साथ पानीपत में रह कर जीवन यापन कर रही थी। वहीं गोलू के साथ उसके प्रेम संबंध भी थे। आपसी अनबन होने पर देवकी ने गोलू की गला दबा कर हत्या की थी।

### दुष्कर्मी को 20 साल का कारावास

*पानीपत। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीयूष शर्मा की पोस्को एक्ट स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 14 साल की किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी राजू उर्फ गोलू को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं दोषी 25 हजार रुपए जुर्माना किया। नहीं देने पर दोषी को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। इस केस में थाना महिला पुलिस में चार अप्रैल सन 2024 को केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने चार अप्रैल को आरोपी राजू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भिजवा दिया। इधर, दुष्कर्म के इस केस में शर्मा की अदालत में पंद्रह गवाहों की गवाही हुई। डीएनए रिपोर्ट व पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर पर दोषी राजू को बीस साल कैद की सजा दी।*

## खबर संक्षेप

### हरियाणा लेखक मंच का वार्षिक सम्मेलन दो को

**करनाल।** हरियाणा लेखक मंच का चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन आगामी 2 नवंबर को अंबाला छावनी के फरूका खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मंच के उपाध्यक्ष डा. अशोक भाटिया ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में डा. अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली से पूर्व प्रोफेसर डा. वैभव सिंह 'आज की हिंदी कहानी' पर वक्तव्य रखेंगे, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डा. दिनेश दधीचि 'आज की हिंदी गजल' पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

### ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**तरावड़ी।** जीटी रोड रम्बा मोड़ पर दोपहर के समय सडक़ पार करते हुए एक युवक को अज्ञात ट्रक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय रघुनाथ, निवासी जगदंबा कॉलोनी तरावड़ी, दोपहर के समय सडक़ पार कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक सडक़ पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल युवक को तरावड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया, जहां डॉ. निपुण ने बताया कि युवक की टांग कुचली गई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### गोपाष्टमी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी

# गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में सहभागी बने आमजन: सीएम

- **सीएम ने गोशाला को 21 लाख रुपये देने की घोषणा की**
- **सीएम ने गायों को सड़कों पर न छोड़ने की अपील की**

सरकार द्वारा गोशालाओं में शेड बनाने के लिए प्रति गोशाला 10 लाख का अनुदान देने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है। 51 गौशालाओं में शेड बनाए जा चुके हैं, बाकी में काम जारी है। सरकार गो संरक्षण पर दे रही है विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि गायों की सुरक्षा के लिए गौ भक्तों को जन जागरण चलाना होगा। गौ सेवा सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गायों को सडक़ों पर न छोड़ें और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहभागी बनें। गोबर व गौमूत्र से बने उत्पादों का उपयोग करें। उन्होंने श्री कृष्ण गौशाला, करनाल को अपने ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री गुरुवार को श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने गौशाला में गायों की पूजा की, गायों को चारा खिलाया और यहां बने चिकित्सालय का दौरा कर गौवंश के लिए उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने गोपाष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि यह भारतीय सनातन जीवन का पवित्र दिन है जो हमें संस्कृति, भाईचारे और प्रेम भाव से जोड़ता है। यह केवल पर्व नहीं बल्कि करूणा, सेवा और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गौ माता का जहां सामाजिक और आध्यात्मिक महत्त्व है वहीं इसका संबंध गौधन से भी रहा है। प्राचीन समय में जिसके पास जितनी अधिक गायें होती थीं उसे उतना ही अधिक समृद्ध माना जाता था।


**करनाल।** कार्यक्रम में केक काटते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं गऊओं **को गुड़ खिलाते हुए** मुख्यमंत्री नायब सिंह।

#### गोपाष्टमी का महत्व

इससे पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने गोपाष्टमी के महत्व पर प्रकार डाला। उन्होंने कहा कि गौ माता सामान्य प्राणी नहीं बल्कि सनातन परंपराओं का प्राण है। प्राण सुरक्षित रहेंगे तो निश्चित रूप से जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को गौ पालन करना चाहिए। गौ सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है।

#### चारे के लिए अनुदान

उन्होंने बताया कि 605 गौशालाओं के लिए 88 करोड़ 50 लाख रुपये चारे के लिए अनुदान के रूप में दिए गए हैं। पंजीकृत गौशालाओं को 11 सालों में 388 करोड़ 60 लाख का अनुदान चारे के लिए दिया गया है। देसी नस्ल की गायों के संवर्धन व संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू किया है। उन्होंने कहा कि सरकार गायों की नस्ल सुधारने और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास कर रही है। गाय के गोबर और गोमूत्र से प्राकृतिक फिनाइल, जैविक खाद, गोबर के बर्तन, दीया, साबुन, उपले गमला, धूप, गौ अर्क जैसे उत्पाद बनाए जा रहे हैं।

#### संवर्धन व संरक्षण के लिए उठाए कई कदम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने गौशालाओं के विकास, गौवंश के संरक्षण और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। 11 साल पहले गौ सेवा आयोग को मात्र 2 करोड़ की ग्रांट दी जाती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद इसमें लगातार वृद्धि की। गायों के संरक्षण व उनके संवर्धन के लिए सरकार ने बजट 600 करोड़ कर दिया है। उन्होंने ने बताया कि प्रदेश में 2014 में 215 पंजीकृत गौशालाओं में 1.75 लाख गौवंश था लेकिन आज 686 गौशालाओं में 4 लाख से अधिक गौवंश है। गौशालाओं के लिए 800 ई-रिक्शा खरीदने की प्रक्रिया जारी है। गौशालाओं को 2 रुपये प्रति यूनिट बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। गौशालाओं के लिए जमीन की रजिस्ट्री करवाने की स्टांप ड्यूटी खत्म कर दी गई है। गौशालाओं में शेड निर्माण जारी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि गायों की जांच के लिए जिन गौशालाओं में 3 हजार से अधिक गौवंश हैं वहां सप्ताह में एक दिन पशु चिकित्सक और इससे कम संख्या वाली गौशालाओं में वीएलडीए की ड्यूटी लगाई गई है। इतना ही नहीं मोबाइल पशु चिकित्सालय की सेवाएं भी गौशालाओं के लिए उपलब्ध कराई गई है। बेसहारा गौवंश के लिए प्रदेश में दो गौ अभयारण्य बनाए गए हैं।


**करनाल।** कार्यक्रम को लेकर एडीसी सोनू भट्ट अधिकारियों से बातचीत करते हुए।

### रन फॉर यूनिटी को लेकर अफसरों की बैठक

करनाल। करनाल के एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को शहर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी एनडीआरआई चौक से सुबह सात बजे शुरू होकर कर्ण स्टेडियम पर समाप्त होगी। इस मैराथन में बड़ी संख्या में युवा दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। संबंधित विभाग समय से सभी तैयारियां पूरी कर लें। एडीसी वीरवार को आयोजन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

# राजयोगी भ्राता बृजमोहन को दी श्रद्धांजलि

- कहा : बहुत अच्छे वक्ता और लेखक थे बृज मोहन, स्वयं उमंग उत्साह से रहते थे भरपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


श्रद्धांजलि सभा में बृज मोहन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी प्रेम दीदी व अन्य।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात सेवा केंद्र में राजयोगी भ्राता बृजमोहन जी की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी प्रेम दीदी ने कहा कि राजयोगी भ्राता बृज मोहन जी ब्रह्माकुमारीज संस्था के जनरल सैकेट्री थे तथा राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के पोलिटिकल विंग के चेयरपर्सन रहे। वह यज्ञ के मजबूत आधार स्तंभ थे। ब्रह्माकुमारीज विद्यालय की सेवाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। वह बहुत अच्छे वक्ता और लेखक थे। स्वयं उमंग उत्साह से भरपूर रहते थे तथा विद्यालय के भाई-बहनों में भी उत्साह भरते रहते थे। उनके जीवन में रमणीकता व गंभीरता का बैलेंस था। उनका ज्ञान सुनने का ढंग बहुत ही सहज, सरल व रमणीक होता था। राजयोगी भ्राता बृजमोहन जी का जन्म पंजाब के अमृतसर में सात जनवरी 1934 को हुआ था। वर्ष 1971 में ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में समर्पित हो गए और अपनी अमूल्य सेवाएं समाज को दी।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

राजयोगी भ्राता बृजमोहन जी का गुरुग्राम में स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर की स्थापना में अहम योगदान दिया। इस अवसर पर प्रेम दीदी सहित अन्य लोगों ने राजयोगी बृजमोहन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी को प्रभु प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र राणा, महिंद्र संधु, जगदीश कादियान, ऋषिराज शर्मा, ललित सरदाना, शाम सुंदर परूथी, रामनिवास गर्ग, राकेश छाबड़ा, धर्म सिंह भारती, जसमेर सिंह, जयगोपाल अरोड़ा, डा.केके चावला, केके खन्ना, बीके शिखा, आरती, शिविका, छवि चौधरी, सुनीता मदान, विमल मैहला, सुषमा शर्मा व हरिकृष्ण नारंग मौजूद रहे।

### किसानों की समस्याएं सुनें मुख्यमंत्री : मेहला

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) ने हरियाणा की मंडियों में हजारों करोड़ रुपए के धान घोटाले के आरोप लगाए हैं। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए 10 से 11 हजार करोड़ रुपए में से 30 से 40 प्रतिशत राशि बड़े अधिकारी हड़प गए हैं। इस घोटाले में राइस मिलर, खरीद एजेंसियां और मार्केट कमेटी के अधिकारी शामिल बताए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, और यदि केंद्रीय जांच एजेंसी इसे देखे तो सत्य उजागर होना निश्चित है। मेहला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्वयं मंडियों का दौरा कर किसानों से सीधे संवाद करना चाहिए ताकि किसानों की वास्तविक समस्याएं उनके समक्ष रखी जा सकें।

# हिन्दू धर्म में गोमाता की सेवा ही सच्ची पूजा : स्वामी ज्ञानानंद

- श्री राधा कृष्ण गौशाला में धूमधाम से मनाई गई गोपाष्टमी, गायों को चारा व गुड़ खिलाकर की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


करनाल। गोपाष्टमी कार्यक्रम में मेयर रेनू बाला गुप्ता को सम्मानित करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज एवं प्रधान कृष्ण लाल तनेजा को सम्मानित करते हुए।

श्री राधा कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट करनाल के प्रांगण में गोपाष्टमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दिन हिन्दू धर्म में भगवान कृष्ण एवं गौ माता की पूजा की जाती है। हिन्दू धर्म में गाय का स्थान माता के तुल्य माना जाता है। शास्त्रों ने भी इस बात की पुष्टि की है। गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं को वास होता है। इस दिन पूजा करने से सभी फल प्राप्त होते हैं। आज गौशाला के प्रांगण में श्री महामण्डेलश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन में गौमाता के बारे में विस्तार से बताया और गौमाता की पूजा का महत्व बताया। गायों को चारा खिलाकर एवं गुड़ खिलाकर पूजा की गई। इस मौके पर श्री राधा कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट करनाल के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा एवं संचालक कैलाश चंद गुप्ता ने गौशाला की सभी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक

### एक नवंबर को धूम-धाम से मनाया जाएगा हरियाणा दिवस

**करनाल।** एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पूरे उमंग, उल्लास और उत्साह के साथ कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की गरिमा को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें और समय रहते सभी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करें। एडीसी सोनू भट्ट वीरवार को एडीसी कार्यालय में हरियाणा दिवस पर जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक में निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एक नवंबर हरियाणा के गठन के दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इसलिए सभी इस आयोजन में बढ़चढ़ कर भाग लें। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी सभी वर्गों के लोगों, जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्तियों की इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करें।

### शांतिवन गौशाला मे गोपाष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया

# गोमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास : साध्वी

- शहर के उद्योगपतियों ने गोशाला मे लाखों रूपये दान देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी







गुरुवार को शांतिवन गोपाल गौशाला मे गोपाष्टमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दिन हिन्दू धर्म में भगवान कृष्ण एवं गौ माता की पूजा की जाती है। हिन्दू धर्म में गाय का स्थान माता के तुल्य माना जाता है। शास्त्रों ने भी इस बात की पुष्टि की है। गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं को वास होता है। इस दिन पूजा करने से सभी फल प्राप्त होते हैं। यह शब्द कार्यक्रम मे उपस्थित साध्वी मुक्ता भारती ने अपने प्रवचनों मे कहे। उन्होने भगवान श्री कृष्णा और गौ माता को लेकर एक कथा का वर्णन किया जिसमे गौ माता के बारे मे विस्तार से इंसान के जीवन मे गाय माता का क्या महत्व है और कहा कि प्रत्येक मानव को गौ रक्षा के लिए आगे आना चाहिए उन्होंने कहा गौमाता की सेवा से ही मुक्ति का मार्ग खुल जाता है। इस अवसर पर तरावड़ी शांतिवन गोपाल गौशाला तरावड़ी के प्रधान राकेश गर्ग ने कहा कि तरावड़ी गौशाला में मौजूद गायों की सेवा के लिए सभी लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांतिवन गौशाला में इस समय लगभग दो हजार गाय मौजूद हैं। जिनके पालन पोषण पर लाखों रुपए प्रतिमाह खर्च होते हैं। उन्होंने कहा हालांकि समय-समय पर तरावड़ी के उद्योगपति, व्यापारी और दानी सज्जन समय-समय पर गौशाला की सेवा के लिए हमेशा अपना सहयोग देते रहते है। उन्होंने उपस्थित गौ भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्णा स्वयं गौ माता की पूजा अर्चना करते थे उन्होंने स्वयं अपने हाथों से गायों को चारा खिलाने का कार्य किया है।

### विदेश जाने वाले युवाओं पर मंडरा रहा डिपोर्टेशन का खतरा

**करनाल।** भारत से अमेरिका, कनाडा, यूके और ऑस्ट्रेलिया जाने वाले युवाओं पर डिपोर्टेशन का खतरा मंडरा रहा है। कनाडा के अधिकृत इमिग्रेशन अटॉर्नी व केड इमिग्रेशन के संचालक डॉ. अरविंद कादियान ने बताया कि केवल अमेरिका से अब तक 2,000 से अधिक युवाओं को डिपोर्ट किया जा चुका है, और आने वाले दिनों में यह संकट अन्य देशों तक फैल सकता है। उन्होंने बताया कि कनाडा में भी लगभग 48,000 युवाओं की सूची तैयार की गई है, जिनमें से 7,000 की पहचान हो चुकी है और 2,800 को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। यूके में भी 20,000 युवाओं पर डिपोर्टेशन का खतरा बताया गया है। कई युवा विदेश जाने के लिए शॉर्टकट अपनाते हैं, गलत दस्तावेज़ों और झूठी सूचनाओं के आधार पर वीज़ा लेते हैं।

## न्यूज डायरी



### पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बैठक

**करनाल।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की सिटी यूनिट की बैठक बी टाइप रेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान अजीत सैनी ने की और संचालन सचिव जगमाल सिंह ने किया। इस अवसर पर राज्य महासचिव राजेंद्र राणा, राज्य सचिव सतीश मान और सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। राणा ने बताया कि 5 नवंबर को रोहतक में राज्य स्तरीय कन्वेंशन और 26 नवंबर को पंचकूला में प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारी हित में नहीं है और यूनियन इसका विरोध पहले से करती आ रही है। सरकार और निगम प्रबंधन को पत्र लिखे जा चुके हैं, परंतु बिजली मंत्री ने अब तक कर्मचारियों से संवाद नहीं किया, जिससे यूनियन में रोष है। बैठक में सुरेंद्र कांबोज, प्रदीप कुमार, रोहित शर्मा, सतीश, शुभम सैनी, रोबिन पाल, भाग सिंह, डिंपल, रमेश शर्मा और नवीन सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।



### कॉन्वेंट स्कूल ने जीती ओवरऑल स्केटिंग चैंपियनशिप

**करनाल।** 39वीं जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में कॉन्वेंट स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया। स्केटिंग कोच संजय गोयल ने बताया कि कॉन्वेंट स्कूल के स्केटर्स ने 12 गोल्ड, 12 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर यह खिताब अपने नाम किया। दूसरे स्थान पर टैगोर बाल निकेतन और तीसरे स्थान पर डीपीएस करनाल रहे। विजेताओं को पुरस्कार जिला खेल अधिकारी राजबीर रंगा, कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर लोविना पिंटो, बीडीओ गुरुमलक सिंह, हेडमिस्ट्रेस सिस्टर तारा और वाइस प्रिंसिपल सुजाता ने प्रदान किए। प्रतियोगिता के संचालन में पंकज बत्तरा, हरप्रीत सिंह, रेखा और जजपाल सिंह का योगदान रहा। इस अवसर पर सिस्टर लोविना पिंटो, स्पोर्ट्स इंचार्ज राजीव व सुमन ने खिलाड़ियों और अभिभावकों को बधाई दी।



### आत्मविश्वास और साक्षात्कार कौशल पर दी ट्रेनिंग

**करनाल।** राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल में सामाजिक कार्यकर्ता सुजाता गुप्ता की पहल पर "सार्वजनिक भाषण से आत्मविश्वास निर्माण व साक्षात्कार का सामना कैसे करें" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मिहिर बैनर्जी ने छात्राओं को प्रभावी संचार, आत्म-प्रस्तुति और सार्वजनिक बोलने के कौशल पर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में सॉफ्ट स्किल्स केवल विकल्प नहीं, बल्कि करियर की मूलभूत आवश्यकता हैं। प्रिंसिपल डा. विवेक रंगा ने कार्यक्रम में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आत्मविश्वास और संवाद कला ही सफलता की कुंजी हैं। मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा और डा. बलवान सिंह सहित कालेज स्टाफ मौजूद रहा।



### दो पहिया वाहन चोरी में एक आरोपित गिरफ्तार

करनाल। पुलिस की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट टीम ने दो पहिया वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई तीन मोटरसाईकिल को बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर ग्रीन बेल्ट सेक्टर-4 करनाल से आरोपी सुनील उर्फ कन्हैया निवासी गांव कमालपुर, थाना बुटाना करनाल को तीन चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया गया। इस मामले में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह कई मामलों में पहले भी जेल जा चुका है व आरोपी द्वारा करनाल के विभिन्न थानों के एरिया से तीन मोटरसाइकिल चोरी कर घटना को अंजाम दिया गया था। जिनमें आरोपी द्वारा थाना तरावड़ी से बीती 9 सितंबर को एक मोटरसाइकिल करनाली गेट, तरावड़ी से बीती 13 सितंबर को दूसरी रेलवे स्टेशन थाना रामनगर से व तीसरी मोटरसाइकिल 1 अक्टूबर को नजदीक गुरुद्वारा थाना निगदु से चोरी कर घटना को अंजाम दिया गया था। जिसे आज जांच इकाई द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश कर जिला जेल भेजा गया है।



### लाडो लक्ष्मी योजना को सरल बनाने की मांग

**करनाल।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने राज्य सरकार से मांग की है कि लाडो लक्ष्मी योजना में आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और अनावश्यक दस्तावेजों की अनिवार्यता समाप्त की जाए। जिला अध्यक्ष ममतेश, सचिव जराशो शर्मा और कोषाध्यक्ष गीता ने संयुक्त बयान में कहा कि भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में सभी महिलाओं को ₹2100 देने का वादा किया था, परंतु सरकार बनने के बाद यह वादा पूरा नहीं किया गया। महिलाओं के धरने-प्रदर्शन के बाद एक साल पश्चात 25 सितंबर को लाडो लक्ष्मी योजना का पोर्टल लॉन्च किया गया। समिति का कहना है कि आवेदन प्रक्रिया इतनी जटिल कर दी गई है कि लाखों महिलाएं आवेदन नहीं कर पा रही हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि फतेहाबाद जिले में जहां 95 हजार महिलाएं पात्र थीं, वहां केवल 4360 आवेदन ही हुए, जिनमें से सिर्फ 3842 आईडी जनरेट हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### डेढ़ साल पहले लापता हुई किशोरी मिली

**पानीपत।** दिल्ली के भजनपुरा इलाके से डेढ़ साल पहले लापता हुई नाबालिग लड़की को पानीपत के थाना चांदनी बाग पुलिस ने बरामद कर लिया है। चांदनीबाग के थानेदार गौरव बच्ची के परिजनों को इसकी सूचना देकर संबंधी कागजात लेकर पानीपत बुलाया है। इस संबंध में बाल कल्याण समिति को भी जानकारी दे रही गई है।

### पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन की हुई बैठक

**पानीपत।** पीडब्ल्यूडी वर्कर्स यूनियन की बैठक जिला प्रधान अमरजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला सचिव नीरज शर्मा, ब्रांच प्रधान सुखबीर शर्मा समालखा ने मंच से आए हुए चालीस सदस्यों को जोडा। बैठक में संजय रावल, ओमप्रकाश शर्मा, जरनैल सिंह, धर्मवीर जांगड़ा, रामकुमार, अंग्रेज, कृष्ण, नवीन नांदल, अनिल रावल आदि उपस्थित रहे।

### जिले में रन फॉर यूनिटी का आयोजन आज

पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को जिला में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। पानीपत में जिला स्तरीय तथा समालखा में उप मंडल स्तर पर इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ जिला सचिवालय से सुबह 6:30 बजे शुरू होगी जहां से इसको शहरी विधायक प्रमोद विज हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### पानीपत में प्रभात फेरी निकाली

**पानीपत।** पानीपत के अंसल रोड की भाटिया कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर में प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल, अशोक गुंबर, गुलशन धमीजा ,अशोक जख्मी ,राजेश,सेवाराम बंसल ,सतीश फुटेला, जोगिंदर कुंडू, सुमित ठुकराल, बिट्टू डाबर, आशु गांधी, आशा, शकुंतला, राज, सोनिया, मोनिका, हेमंत, सुदेश बंसल, संतोष, अनीता, सुमित्रा आदि उपस्थित रही।

### केयू की मेरिट में मनजीत

**पानीपत।** आईबी कॉलेज की छात्रा मनजीत ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा एमए हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर में पांचवा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने के साथ माता पिता का भी नाम रोशन किया है। कॉलेज प्रशासन की ओर से प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक ने मनजीत को पुरस्कृत किया।

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

पानीपत। जिला सचिवालय में आयोजित जनता समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की गंभीरता से सुनवाई की गई। शिविर का उद्देश्य जन शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी निवारण सुनिश्चित करना प्रमुख रूप से है। वहीं, एसडीएम मनदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक शिकायत की तह तक जाकर उसका तेज़, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान करें।

### एक नवंबर को हरियाणा डे पर होगा प्रोग्राम

**पानीपत।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष में एक नवंबर शनिवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न आयोजित किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी।

### बाल अधिकारों को लेकर बैठक आयोजित

**पानीपत।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर व डीएसपी सतीश वत्स की अध्यक्षता में जिला सचिवालय में बाल संरक्षण से संबंधित विभागों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति तथा जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### देश विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रहे

# निरंकारी संत समागम का आज होगा शुभारंभ

**पुलिस, रेलवे, रोडवेज ने किए पुख्ता प्रबंध, व्यवस्था बनाने में जुटे है एक लाख सेवादार**

अशोक शर्मा ▶▶| समालखा

समालखा के गांव भोडवाल माजरी में 78वें निरंकारी संत समागम का शुक्रवार को शुभारंभ होगा। यह तीन नवंबर तक चलेगा। वहीं, समागम में देश विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रहे है।

#### पुलिस ने अभेद सुरक्षा की

संत निरंकारी समागम की सुरक्षा व्यवस्था का बुधवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल रेंज डॉ. एम. रवि किरण ने जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और निरंकारी संस्था के को-ऑर्डिनेटर मौजूद रहे। डॉ. किरण ने समागम स्थल का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों और संस्था प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए व्यवस्थाओं में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

सभी पुलिस अधिकारी और स्वयंसेवक आपस में बेहतर तालमेल बनाकर काम करें। उन्होंने विशेष रूप से भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन और जीटी रोड के फुट ओवरब्रिज पर भीड़ नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश दिए।

वहीं, क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं को एक साथ प्रवेश नहीं देने की हिदासत दी गई।


पानीपत। रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों की जांच करती जीआरपी व आरपीएफ।

#### ट्रैफिक की विशेष व्यवस्था की

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चार पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। वाहन चालकों को जीटी रोड पर निर्धारित स्टैंड पर ही वाहन खड़े करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यातायात सुचारू रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर निरंकारी संस्था के को-ऑर्डिनेटर जोगिंद्र सुखीजा और सुरक्षा इंचार्ज रिटायर्ड कर्नल हरविंद्र गुलेरिया सहित कई स्वयंसेवक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

#### सघन जांच अभियान शुरू

समागमन के मद्देनजर जीआरपी और आरपीएफ की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान डॉग स्क्वायड टीम ने भी यात्रियों व उनके सामान की गहन तलाशी ली गई। जीआरपी व आरपीएफ यात्रियों को संदिग्ध सामान को नहीं छूने व इसकी सूचना उन्हें देने की सलाह दे रही है।

#### ट्रेनों में अतिरिक्त बोगियां जोड़ी

समागम के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पानीपत, करनाल और दिल्ली की ओर से ट्रेनों की अतिरिक्त बोगियां जोड़ी गई हैं। स्टेशन के सभी प्रवेश द्वारों पर चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

#### पुलिस ने मोर्चा बनाए

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि समागम की सुरक्षा के लिए एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इनमें 13 डीएसपी और 32 इंस्पेक्टर सुरक्षा व्यवस्था का नेतृत्व करेंगे। सुरक्षा कर्मियों को वर्दी के साथ-साथ सिविल ड्रेस में भी तैनात किया गया है।

---

# पानीपत में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देंगे


पानीपत। एमएसएमई कनेक्ट में अतिथियों को स्मृति चिंह देते हुए एचएस धम्मू आदि।

■ एमएसएमई निदेशालय के सहयोग से कनेक्ट का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा में वॉलमार्ट वृद्धि ने प्रदेश सरकार के एमएसएमई निदेशालय के सहयोग से एमएसएमई कनेक्ट आयोजित किया। वहीं, यह प्रोग्राम निर्यात के लिए तैयार (एक्सपोर्ट रेडी) इंडस्ट्री क्लस्टर विकसित करने को प्राथमिकता दे रहा है, जिनमें टेक्सटाइल आदि शामिल हैं। वहीं, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर भारत की विकास की कहानी का केंद्र है और फ्लिपकार्ट में हम डिजिटल कॉमर्स के जरिये उनके विकास को सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इधर, पानीपत जिला एमएसएमई केंद्र के संयुक्त निदेशक विकास जांगड़ा ने कहा कि वॉलमार्ट वृद्धि जैसे कार्यक्रम राज्य सरकार के प्रयासों को और मजबूत बनाते हैं। ये उद्यमियों को अपना व्यवसाय आधुनिक बनाने, डिजिटल तरीके अपनाने और नए बाजारों तक पहुंच बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे हरियाणा के एमएसएमई क्षेत्र की प्रगति को नई दिशा और रफ्तार मिलती है। पानीपत में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देंगे।

---

# विद्यार्थियों को संघर्षशील बनाते हैं खेल : आर्य

### आर्य बाल भारती स्कूल में खेल दिवस के विजेता विद्यार्थी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य बाल भारती विद्यालय के खेल परिसर में वार्षिक खेल दिवस समारोह का शुभारंभ व विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि रणदीप आर्य ने कहा कि खेलों में भाग लेने से विद्यार्थियों का जहां स्वास्थ्य बेहतर रहता है वहीं, मनोबल बढ़ता है और उनके अंदर हर तरह के हालात से निपटने के लिए संघर्ष करने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने दावा किया कि आर्य बल भारती विद्यालय के विद्यार्थी, खेलों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नीरज चोपडा ने भारत का नाम रोशन किया। वहीं, गांव सुताना के अंतर्राष्ट्रीय एशियाई बीच चैंपियनशिप खिलाड़ी अरमान पंवार का नाम उल्लेखनीय है। वहीं, रस्सा कसी जूनियर गर्ल्स में प्रथम स्थान श्रद्धानंद सदन द्वितीय स्थान गुरुदत्त सदन और तृतीय स्थान विरजानंद सदन सीनियर गर्ल्स में प्रथम स्थान गुरुदत्त सदन द्वितीय स्थान श्रद्धानंद सदन और तृतीय स्थान दयानंद सदन ने प्राप्त किया इसी प्रकार सीनियर ब्वॉयज में प्रथम स्थान गुरुदत्त सदन द्वितीय स्थान दयानंद सदन और तृतीय स्थान श्रद्धानंद सदन ने प्राप्त किया इसी प्रकार 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 600 मी और 800 मी और 400 मीटर रिले रेस में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने सदन का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल के कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य, सीएम विंडो सदस्य सुरेश कादियान, संदीप सिंह और रविंद्र आर्य अति विशिष्ट अतिथि रहे।


पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप कादियान के साथ अतिथिगण व विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

*अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नीरज चोपडा ने भारत का नाम रोशन किया। वहीं, गांव सुताना के अंतरराष्ट्रीय एशियाई बीच चैंपियनशिप खिलाड़ी अरमान पंवार का नाम उल्लेखनीय है*

---


पानीपत। श्री राधा कृष्ण गोशाला में गोपाष्टमी पर्व पर गोपूजन करते श्रद्धालु।

### श्री राधा कृष्ण गोशाला में गोपाष्टमी पर्व मनाया

**पानीपत।** पानीपत की बरसत रोड स्थित श्री राधा कृष्ण गोशाला में आज गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। जिसमें गो माता के लिए 56 भोग लगाकर गो माता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई। समारोह में भारी संख्या में गो भक्तों ने पहुंचकर गो माता को भोग लगाया। जिसमें मुख्यअतिथि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने गो माता को भोग लगाकर आरती उतारी। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह, श्रीराम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, आरएसएस के महेन्द्र कंसल, डीएसपी राजबीर सिंह रहे। कार्यक्रम में खास बात यह रही कि पुलिस प्रशासन के साथ बिजली बोर्ड व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने भी गोमाता का आशीर्वाद लिया। अतिथियों का गोशाला के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।


समालखा। गांव पट्टी कल्याणा में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचते हुए चिकित्सक।

### प्रशासन ने गांव पट्टीकल्याणा में किया सुशासन

**समालखा।** हरियाणा सरकार की सुशासन की अवधारणा को धरातल पर उतारने की दिशा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज गांव पट्टी कलियाना में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने न केवल ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व साथ ही गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पट्टी कल्याणा की ओर से सरपंच मुकेश कुमार ने प्रशासनिक व पुलिस आधि अधिकारियों का स्वागत किया और मांग पत्र, उपायुक्त को दिया। इधर, डीसी ने कहा कि रात्रि ठहराव के माध्यम से सरकार का यह संकल्प है कि प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचे और उसकी समस्याओं को समझ कर निराकरण करें। वहीं, कार्यक्रम में पट्टी कल्याण के आसपास के ग्रामीण भी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यक्रम में पहुंचे।

### शहीदों की याद में हथियारों की प्रदर्शन लगाई

**पानीपत।** अमर शहीदों के सम्मान में पुलिस विभाग की ओर से वीरवार को पार्क हॉस्पिटल के डॉक्टर्स की टीम के सहयोग से जिला पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डॉक्टर्स की टीम द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच कर चिकित्सीय परामर्श दिया गया। पुलिस विभाग की ओर से भलाई शाखा निरीक्षक नीरज ने पार्क हॉस्पिटल के डा. कपिल दाधीच, बाल रोग विशेषज्ञ, डा. अंजलि यादव गायनी व डा. अक्ष तवर फिजिशियन व उनकी टीम का आभार जताया। वहीं शहीदों की याद में पुलिस लाइन में हथियारों की प्रदर्शनी लगा कर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

---

# पाइट में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में विदेशी विद्वानों के शोधपत्र आए



समालखा। पाइट में विदेशों से आए शोध पत्रों का विमोचन करते हुए शिक्षाविद्गण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

■ कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड कंप्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली सेक्शन का तकनीकी सहयोग रहा। वहीं, पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में 18 राज्यों से 1826 शोधार्थियों ने भाग लिया। इसमें 40 सेशन चेयर्स, 21 रिपोर्टर्स और 145 पेपर प्रस्तुत किए गए। कुल 562 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए। समीक्षा प्रक्रिया में देश-विदेश के 1500 से अधिक अकादमिक और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने भाग लिया। वहीं, एमेजान, गूगल, फ्लोरिडा गल्फ कोस्ट यूनिवर्सिटी यूएसए, आयरलैंड सहित राष्ट्रीय और निजी विश्वविद्यालयों से भी शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर कांफ्रेंस अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी, एनआईटी वेस्ट कैंपस से निदेशक डॉ.प्रेरणा, एनआइटी कुरुक्षेत्र से डॉ.जितेंद्र छाबड़ा ने भी विचार व्यक्त किए। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, डीन डॉ. बीबी शर्मा, सीएसई विभाग के अध्यक्ष डॉ.एससी गुप्ता भी मौजूद रहे।



पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक के साथ विजेता विद्यार्थी।

# विद्यार्थियों ने पोस्टर बना कर पटेल को नमन किया

■ पटेल जयंती व हरियाणा दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में एनएसएस और सांस्कृतिक समिति द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती व हरियाणा दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसका विषय विविधता में एकता और हरियाणा जन-जीवन रहा। स्वयंसेवकों ने इन विषयों के प्रति अलग-अलग पोस्टर बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन दिया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां विविधता में एकता का अद्भुत संगम है। यहां विभिन्न धर्मों, जातियों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोग एक साथ रहते हैं और एक दूसरे के साथ मिलकर देश की प्रगति में योगदान करते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम नितिन वर्मा, द्वितीय वंशिका व पूजा ,तृतीय रिया और सांत्वना पुरस्कार नेहा और प्रिया ने प्राप्त किया। कार्यक्रम डा. नीतू, कुलदीप ने अहम भूमिका निभाई।

---

### शहर में चल रहे विकासात्मक कार्यों की विधायक व मेयर ने समीक्षा की

# पानीपत में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाएं प्रशासन : विज

**शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक ड्राइव शुरू की जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहरी विधानसभा में चल रहे विकासात्मक कार्यों की समीक्षा हेतु वीरवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज और पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव की उपस्थिति में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर में चल रहे विकासात्मक कार्यों की रिपोर्ट ली। विधायक विज ने शहर में यातायात नियंत्रण के लिए पार्किंग व्यवस्था व असंध रोड, जाटल रोड, गोहाना रोड पुल के नीचे, हाली पार्क के पास रेहड़ी मार्किट विकसित करना, मॉडल टाउन में स्मार्ट रोड परियोजना, हुडा सेक्टर 11-12 में पानी निकासी, सनौली रोड, रजवाहा रोड, सलारगंज गेट से देवी मंदिर रोड, संजय चौक से नहर, गंगापुरी रोड पर स्ट्रीट लाइट्स, सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण कार्य, मलिक पेट्रोल पम्प से अग्रसेन चौक तक सड़क निर्माण आदि पर विस्तार से जानकारी ली। पानीपत में विकास कार्यों की रफ्तार प्रशासन बढाएं।


पानीपत। विधायक प्रमोद विज विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए।

#### अतिक्रमण मुक्ति को लेकर बैठक

पानीपत में में बढ़ते अवैध अतिक्रमण और झुग्गियों को हटाने को लेकर शासन और प्रशासन ने बड़ा फैसला ले लिया है। अब शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक ड्राइव शुरू की जा रही है, जिसका असर बहुत जल्द पूरे पानीपत में दिखाई देगा। इस अभियान को पूरी तरह जनकल्याण के उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम- सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

राजकुमार पुत्र श्री महिन्द्र कुमार पुत्र श्री परमानन्द निवासी मकान नम्बर 216/8, इन्द्रा कालोनी, तहसील कैम्प, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है महिन्द्र कुमार पुत्र श्री परमानन्द निवासी मकान नम्बर 216/8, इन्द्रा कालोनी, तहसील कैम्प, पानीपत ने एक पंजीकृत वसीयत नामा वसीका नम्बर 540/3 दिनांक 01-02-2018 एस आर पानीपत अपने पुत्र श्री राजकुमार पुत्र श्री महिन्द्र कुमार पुत्र श्री परमानन्द निवासी मकान नम्बर 216/8, इन्द्रा कालोनी, तहसील कैम्प, पानीपत के नम वसीयतनामा पंजीकृत करवाया हुआ है जिसका वरासत इंतकाल नम्बर 67738 दर्ज हो चुका है एंवम मंजुर होना बकाया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता महिन्द्र कुमार पुत्र श्री परमानन्द निवासी मकान नम्बर 216/8, इन्द्रा कालोनी, तहसील कैम्प, पानीपत की दिनांक 16-11-2022 को मृत्यु हो चुकी है। एवम प्रार्थी की माता श्रीमति कृष्णा रानी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। राजीव नम्बरदार, एवंम सुनील पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है:-

1- दीपक कुमार, व 2- राज कुमार, व 3 अश्वनी व 4- गौरव पुत्रगण श्री महिन्द्र कुमार यानि कुल 4 ही वरिस हैं।

यह कि उपरोक्त वारसान में से दीपक कुमार की दिनांक 10-04-2021 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस है: 1- सुषमा पत्नी, व 2- अमन पुत्र, व 3- गीता पुत्री श्री दीपक कुमार यानि कुल 3 ही वारिस हैं।

यह कि उपरोक्त वारसान में से गौरव की दिनांक 27-04-2021 को मृत्यु हो चुकी है गौरव की पत्नी श्रीमति सपना है व एक लड़का मंयक है। गौरव का तालाक हो चुका था और गौरव की पत्नी अपने लड़के को साथ लेकर चली गई है। इनके इलावा मृतक महिन्द्र कुमार पुत्र श्री परमानन्द का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंवम इतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर इंतकाल वरासत राजकुमार पुत्र श्री महिन्द्र कुमार के पक्ष में स्वीकृत कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इस्तहार आज दिनांक 30.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार -कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

सुदेश बाला धर्मपत्नी श्री नरेंद्र पाल सिंह (पुत्री महेन्द्र सिंह) निवासी 682-सी, तहसील कैम्प पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सुदेश बाला धर्मपत्नी श्री नरेंद्र पाल सिंह (पुत्री महेन्द्र सिंह) निवासी 682-सी, तहसील कैम्प पानीपत ने एक दस्तावेज वसीयतनामा विरासत इन्तकाल दर्ज व मंजूर हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता महेन्द्र सिंह पुत्र श्री धर्मसिंह जी की दिनांक 29-07-2019 को मृत्यु हो चुकी है। जो कि प्रार्थी के पिता जी अपने जीवन काल में एक वसीयतनामा अपनी पुत्री सुदेश बाला धर्मपत्नी श्री नरेंद्र पाल सिंह (पुत्री महेन्द्र सिंह) के नाम पर पंजीकृत करवाया था। जिसका वसीका नम्बर 495 दिनाक 01/03/2007 है। जो कि बिलकुल ठीक है।

मृतक महेन्द्र सिंह पुत्र श्री धर्मसिंह जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के वसीयत नामा के विरासत इन्तकाल के बाबत कोई शक एंवम इतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 7 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वसीयत का विरासत इन्तकाल दर्ज व मंजूर कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 29/10/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार कम-
संयुक्त सब, रजिस्ट्रार, पानीपत।

## खबर संक्षेप

### जिले में आज होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर व उपमंडल स्तर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत सभी जगहों पर पहले राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई जायेगी और उसके उपरांत रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में विद्यार्थियों, खिलाडिय़ों, पुलिस के साथ-साथ आमजन की भागीदारी होगी।

### हिन्दू हाई स्कूल में हरियाणा दिवस समारोह एक को

**लाडवा।** संस्था के अध्यक्ष सचिन गर्ग ने बताया कि 1 नवम्बर दिन शनिवार को हरियाणा दिवस बड़ी धूमधाम से हिन्दू हाई स्कूल लाडवा में मनाया जाएगा। इस दिन ब्लाक स्तर के 20 स्कूलों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ-2 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। प्रधान अंकित गर्ग ने बताया कि बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जी के प्रभारी कैलाश सैनी, सुप्रसिद्ध समाजसेवी विजेन्द्र गोयल, वरिष्ठ अतिथि वैभव अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष हरनेक सिंह, उपस्थित होंगे।

### कौशल के तहत लगे कर्मियों को मिलेगा तोहफा

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय भाईचारा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में कौशल रोजगार निगम में लगभग 1 लाख 80 हजार कर्मचारी लगे हुए हैं लेकिन ये आज तक जॉब सिक्योरिटी व एक्सपीरियंस के हिसाब से सैलरी से वंचित है। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने से पहले बड़े-बड़े वादे किए थे लेकिन वो घोषणा तक ही सीमित रह गए हैं। प्रवीन कश्यप ने सरकार से मांग की कि हरियाणा डे एक नवंबर को इनको जॉब सिक्योरिटी व एक्सपीरियंस के हिसाब से सैलरी करके सरकार की तरफ से तोहफा दिया जाए।

### बिगड़ी दिनचर्या से बढ़ रही बीमारियां: प्रो. सिंगला

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल की टीम द्वारा गोपाष्टमी पर्व पर थानेसर के बहारी मोहल्ला स्थित श्री महादेव गौशाला में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने 164 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई।

### रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ने जिला प्रधान को सौंपा मांग पत्र

**शाहबाद।** हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रधान बरखा राम व जिला महासचिव सुरेन्द्र वधवा की अगुवाई में भाजपा नेता सुभाष कलसाना को स्थानीय विश्रामगृह में मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से कर्मचारियों की 65 वर्ष आयु आने पर पैंशन में दस प्रतिशत और 75 वर्ष की आयु होने पर 20 प्रतिशत वृद्धि करने, मैडिकल भत्ता 3 हजार रुपए प्रतिमाह करने व फैमिली पैंशनर्ज को एल.टी.सी. की सुविधा देना और कोरोना काल में रोके गये 18 महीने के महंगाई भत्ते का भुगतान करने और पैंशनर के आश्रित को भी एल.टी.सी. की सुविधा प्रदान करने की मांग हरियाणा सरकार से की गई।

## गांव नौहनी के सरकारी स्कूल का डीईओ अंबाला ने किया औचक निरीक्षण

# शिक्षक गाइड का उपयोग न करने पर टीचर को लगाई फटकार

*निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बच्चों की दक्षताओं और शिक्षकों की कार्यशैली का गहन मूल्यांकन किया।*

### बच्चों के साथ जमीन पर पंक्ति में बैठकर चखा मिड डे मील का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला सुधीर कालड़ा ने गांव नौहनी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत बच्चों की दक्षताओं और शिक्षकों की कार्यशैली का गहन मूल्यांकन किया। सबसे पहले उन्होंने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों से ''हिंदी और गणित'' विषयों में प्रश्न पूछे। इस दौरान यह पाया गया कि संबंधित अध्यापक अरुण कुमार द्वारा न तो शिक्षक संदर्शिका (टीचर गाइड) का सही ढंग से उपयोग किया जा रहा था और न ही बच्चों की वर्क बुक को नियमित रूप से जांचा जा रहा था। कक्षा में प्रिंट रिच वातावरण का भी अभाव पाया गया। इन कमियों पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कड़ी नाराज़गी जताई और संबंधित शिक्षक को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि विभागीय दिशानिर्देशों के अनुसार बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए। साथ ही मौके पर मौजूद संकुल मुखिया अर्चना को निर्देश दिए गए कि वे अपने संकुल के अधीन आने वाले सभी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें और शिक्षकों की जवाबदेही सुनिश्चित करें।




**बराड़ा।** स्कूल के टीचरो के साथ बैठक करते हुए व बच्चों के साथ बैठकर मिड डे मील का स्वाद चखते हुए डीईओ सुधीर कालड़ा।

### डीईओ कालड़ा ने बच्चों के साथ बैठकर चखा मिड डे मील का स्वाद

अपने निरीक्षण के दौरान डीईओ कालड़ा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौहनी में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के साथ जमीन पर बैठकर मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) का स्वाद चखा। अपने साथ जिला शिक्षा अधिकारी को खाना खाते देख विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। बच्चों ने बताया कि उन्हें सप्ताह में तीन दिन प्रोटीन मिल्क बार भी दी जाती है, जो उन्हें बहुत पसंद आती है। इस पर डीईओ सुधीर कालड़ा ने बताया कि हरियाणा सरकार के नए निर्णय के अनुसार अब 1 नवंबर से बच्चों के बेहतर पोषण हेतु मिड डे मील के साथ-साथ सप्ताह में एक दिन इंस्टेंट खीर और एक दिन पिन्नी भी दी जाएगी। इस बात को सुनकर बच्चों ने खुशी से तालियां बजाईं।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चावल और सफेद चना-आलू का पौष्टिक भोजन परोसा गया था, जो स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण पाया गया। इसके बाद डीईओ ने विद्यालय के स्टाफ के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने पिछले वर्षों के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की और वर्ष 2025-26 के लिए बेहतर परीक्षा परिणामों पर फोकस करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा शुरू किए गए निबंध लेखन कार्यक्रम पर चर्चा की और आगामी शहीद गुरु तेग बहादुर जी के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली निबंध लेखन व कहानी वाचन प्रतियोगिताओं की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।

# निगम पदाधिकारी नहीं कर सकते सरकार के प्रतीक-चिन्ह का प्रयोग

- नगर निगम के लिए बनाए गए विशेष लोगो का ही किया जा सकता है उपयोग: हेमंत कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम के निर्वाचित पदाधिकारी जैसे मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर अब अपने कार्यालय, वाहन, लेटर-पैड या अन्य आधिकारिक सामग्री पर हरियाणा सरकार के एम्बलेम (प्रतीक-चिन्ह) का उपयोग नहीं कर सकते। यह जानकारी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और कानूनी मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने दी है।

हेमंत कुमार के अनुसार, न केवल हरियाणा सरकार के आधिकारिक एम्बलेम बल्कि भारत के राज्य संप्रतीक जिसमें चार शेर, चक्र, सांड, घोड़ा और नीचे /"सत्यमेव जयते/" अंकित रहता है, का भी नगर निगम पदाधिकारियों द्वारा प्रयोग वर्जित है। उन्होंने बताया कि इसके स्थान पर पदाधिकारी अपने-अपने नगर निगम के लिए बनाए गए विशेष लोगो का उपयोग कर सकते हैं। यह कानूनी और उचित तरीका है। हेमंत कुमार ने कहा कि भले ही संविधान के 74वें संशोधन (1992) के तहत नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है, परंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि नगर निगम राज्य सरकार का अंग है। प्रत्येक नगर निकाय एक स्वतंत्र स्थानीय स्वशासी संस्था है, जिसके अपने अधिकार और सीमाएं हैं।

### समितियां की गठित

हेमंत कुमार ने स्पष्ट किया कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 और हरियाणा नगरपालिका कानून, 1973 के अंतर्गत प्रदेश के सभी नगर निगमों, परिषदों और समितियों का गठन किया गया है, लेकिन इससे यह अधिकार नहीं मिल जाता कि पदाधिकारी "हरियाणा सरकार" के प्रतीक का उपयोग करें। इसी प्रकार, हेमंत ने उदाहरण देते हुए बताया कि हरियाणा विधानसभा के विधायक भी अपने लेटर-पैड या विजिटिंग कार्ड पर हरियाणा सरकार का एम्बलेम नहीं लगा सकते। वे केवल हरियाणा विधानसभा के आधिकारिक लोगो का प्रयोग कर सकते हैं।

### संवैधानिक मर्यादा व प्रतीक

हेमंत कुमार ने ने स्पष्ट कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री और उनके 13 मंत्रियों को ही संविधान के अनुसार "हरियाणा सरकार" कहा जा सकता है। शेष 74 विधायक केवल विधानसभा के सदस्य हैं, अतः उनके लिए भी हरियाणा सरकार का प्रतीक-चिन्ह उपयोग करना अनुचित है। जहां तक नगर निगम के कमिश्नर (आईएएस) और जॉइंट कमिश्नर (एचसीएस) अधिकारियों का संबंध है, हेमंत कुमार ने बताया कि जब वे राज्य सरकार से नगर निगम में प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर आते हैं, तो उन्हें भी हरियाणा सरकार के एम्बलेम की बजाय संबंधित नगर निगम के लोगों का ही प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह विषय देखने में भले सामान्य लगे, लेकिन यह संवैधानिक शुचिता और संस्थागत मर्यादा का प्रश्न है। सभी पदाधिकारियों को कानूनी मर्यादा में रहकर ही अपने पद और अधिकारों का उपयोग करना चाहिए।

# समाधान शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का जल्द हल करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगराधीश अभिषेक गर्ग ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगो की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि सभी अधिकारी लोगो की समस्याओं का समयबद्ध रूप से समाधान करवाना सुनिश्चित करें । प्राथमिकता के आधार पर लोगो की शिकायत अथवा समस्या का प्रभावी रूप से समाधान करवाना सुनिश्चित करें।




**अंबाला।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारी।

### समस्याओं का जल्द किया जाए समाधान

नगराधीश ने कहा कि लोगों की समस्याओं का तय समय में जल्द समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। सभी अधिकारीगण अपने-अपने विभागों से संबंधी लोगो की समस्याओं का बिना देरी किए समाधान करवाएं। उन्होंने इस दौरान लम्बित शिकायतों बारें भी जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर समाधान शिविर मे अधिकांश पेंशन बनवाने व परिवार पहचान पत्र से संबंधी समस्याएं रखी गई जिनमें रंजीत नगर से माया राम ने अपनी वृद्धावस्था पेंशन बनवाने बारें, गांव भुन्नी से मनीषा ने विधवा पेंशन बारें, गांव निहारसी से भारत भूषण ने फेमिली इन्कम कम करवाने को लेकर व नरेंद्र कुमार ने फेमिली इन्कम कम करवाने व वृद्धावस्था पेंशन बनवाने बारें इत्यादि समस्याएं शामिल है।

# अंडर-11 जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की अध्यक्षता एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभरवाल के मार्गदर्शन में राजकीय उच्च विद्यालय, डेरी फार्म में अंडर-11 आयु वर्ग के बच्चों की जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभावान बाल खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभरवाल ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया तथा उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे राज्य स्तर पर भी पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करें।



**अंबाला।** प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

- खो-खो (लड़के) में अंबाला-2 खंड प्रथम व शहजादपुर द्वितीय,
- खो-खो (लड़कियां) में साहा प्रथम व शहजादपुर द्वितीय,
- कबड्डी (लड़के) में बराड़ा प्रथम व नारायणगढ़ द्वितीय,
- कैरम (लड़के) में अंबाला-1 प्रथम व बराड़ा द्वितीय,
- कैरम (लड़कियां) में अंबाला-1 प्रथम व शहजादपुर द्वितीय स्थान पर रहीं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला खेल सचिव (लड़के) राजेंद्र सिंह जिंदू, जिला खेल सचिव (लड़कियां) राजीव, जिला खेल सहायक साहिल सचदेवा, खंड शिक्षा अधिकारी अंबाला-2 मोनिका, नितिन सभरवाल, राजेश शर्मा, अमित छाबड़ा, अनिल अत्री, हमराज, मोहम्मद जय, मोहित यादविंदर, अनिल दहिया, विकासद्वीप, संजीव कुमार, संजीव शर्मा, पंकज गर्ग, रमन कुमार, अनिल भाटिया, इंद्रजीत भट्ट, प्रवीण वर्मा, भगवंत सिंह, प्रकाश चंद, भजनलाल, राजीव कुमार, सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अवैध कालोनी पर चला विभाग का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया साहा के गांव साहा, सब तहसील साहा तथा जिला अम्बाला में लगभग 0.825 एकड़ (खसरा न0 95//16) में अवैध रूप से विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में बनी हुई सडक़ों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर डयूटी मैजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार - रोहित चैहान, गुरजीन्द्र कनिष्ठ अभियन्ता व रविन्द्र क्षेत्रान्वेषक पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक/प्रोपट्री डीलर में कालोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं।



**अंबाला।** अवैध कालोनी पर कारवाही करते हुए।

# कॉलेज छात्राओं ने वेस्ट मैटीरियल से बनाया सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज बराड़ा में प्राचार्या डॉ दलजीत कौर विर्क के निर्देशन में फैशन डिजाइनिंग विभाग की संयोजिका डॉ रितु चांदना एवं इंचार्ज सुमन के द्वारा बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करना रहा। इस प्रतियोगिता में बेकार हुई वस्तुओं को नया रूप देकर छात्राओं को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिला। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ शशि खुराना , डॉ नवनीत कौर और डॉ सीमा सैनी ने निभाई।



**बराड़ा।** प्रतिभागियां के द्वारा बनाए गए सामान का निरीक्षण करते हुए प्रिंसीपल व अन्य।

### प्रतियोगिता में तान्या रही प्रथम

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तान्या, दिव्या प्रथम वर्ष ने, द्वितीय स्थान वंशिका, दिशा, मधु बीए प्रथम वर्ष से और तृतीय स्थान जसविंद्र कौर , दीपा द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने वॉल हैंगिंग, आर्टिफिशियल ज्वैलरी और फोटो फ्रेम इत्यादि वस्तुएं बनाई। कॉलेज प्राचार्या डॉ दलजीत कौर विर्क ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता ने न केवल छात्राओं की रचनात्मकता को उजागर किया, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने सीखा कि कैसे बेकार वस्तुओं को पुनः उपयोग में लाकर हम पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते हैं।



**बराड़ा।** हवन यज्ञ करते हुए स्कूल स्टाफ व बच्चे।

### डीएवी स्कूल में विश्व शांति यज्ञ का आयोजन

**बराड़ा।** डीएवी स्कूल बराड़ा में आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मदिन के उपलक्ष में विश्व शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। वैदिक संस्कार पुण्य मास जो कि विद्यालय में 2 अक्टूबर से धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत कक्षाओं में भाषण प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता ,नुक्कड़ नाटक द्वारा समाज में व्याप्त बुराइयों पर प्रकाश डाला जा रहा है। सेवा प्रकल्प में राष्ट्र सेवा व आत्मो त्थान की प्रेरणा स्रोत योगी सूरी का जन्मदिन दिवस बहुत हर्ष उल्लास के साथ विद्यालय में मनाया गया। धर्मेंद्र शास्त्री के ब्राह्मणत्व में यह यज्ञ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि युवा पीढ़ी आज नशे की शिकार होती जा रही है। नशा आज आमजन की पहुंच तक आजादी से मिल रहा है, जब तक आमजन ,हर नागरिक और प्रशासन साथ मिलकर काम नहीं करता इस नशे रूपी राक्षस का संघार नहीं हो सकता। डीएवी संस्कार व सेवा की जननी रही है । आत्म उत्थान से राष्ट्र उत्थान तक की यात्रा के माध्यम से डी ए वी संस्थाएं प्रतिदिन संकल्प सिद्धि की तरफ बढ़ रही है । अंत में प्राचार्या के द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया तथा यज्ञ शेष वितरण किया गया।

## समाजसेवी सुदेश ने 5 लाख 11 हजार गोशाला शेड बनाने के लिया दिया दान

# श्री गोविंद गौशाला में गोपाष्टमी उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

श्री गोविंद गौशाला में गोपाष्टमी महोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था एवं गौसेवा की भावना को और प्रगाढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में 28 अक्टूबर से श्रीरामायण पाठ का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसका समापन 30 अक्टूबर को पूर्णाहुति एवं भव्य भोग के साथ हुआ। इसके पश्चात आचार्य राम नारायण जी द्वारा हवन-यज्ञ संपन्न करवाया गया, जिसमें विजयपाल सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी मुख्य यजमान रहे। गौशाला परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बराड़ा सहित थम्बड़, अधोया, उगाला, डुलियानी, सिंबला, मुलाना तथा आस-पास के अनेक गाँवों से सैकड़ों श्रद्धालु एवं गोभक्त उपस्थित हुए।



**बराड़ा।** शेड का शुभारंभ करते समाज सेवी सुदेश कुमार व अन्य।



**बराड़ा।** गोपाष्टमी के मौके पर भारी संख्या में मौजूद श्रद्धालु।

### समाजसेवी सुदेश कुमार गर्ग ने गौशाला में दान दिए 5 लाख 11 हजार की राशि

इस अवसर पर समाजसेवी सुदेश कुमार गर्ग (तंदवाल) ने अपने सुपुत्र स्वर्गीय दिलीप कुमार गर्ग की पावन स्मृति में 5,11,000 रुपए की सहयोग राशि श्री गोविंद गौशाला में बनने वाले शेड के लिए भेंट की। गौशाला प्रबंधन समिति ने उनके इस पुनीत योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।गौशाला के प्रधान राजेश सिंगला ने कहा कि गौमाता हमारे सनातन धर्म और संस्कृति की आधारशिला हैं। गौसेवा करना ईश्वरीय सेवा के समान है। हर व्यक्ति यदि थोड़ी भी जिम्मेदारी से गौसेवा में योगदान दे, तो हमारी संस्कृति और परंपरा सदैव अक्षुण्ण रह सकती है।

# सड़क सुरक्षा की मासिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बाला

एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने आज एनआईसी कार्यालय, अंबाला शहर में आयोजित सडक़ सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में सडक़ सुरक्षा से संबंधित विषयों एवं एंजैडे में रखे बिंदुओं बारे विस्तार से समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार तथा सचिव आरटीए सुशील कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पिछली समीक्षा बैठक के दौरान किए गए कार्यों बारे भी समीक्षा करते हुए जानकारी हासिल की गई। बैठक में एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने कहा कि सडक़ सुरक्षा केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक उत्तरदायित्व है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि सडक़ दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरे किए जाएं और प्रत्येक बैठक में उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने और हेलमेट व सीट बेल्ट उपयोग सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा, पुलिस और परिवहन विभाग को युवाओं और स्कूली बच्चों को सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान आयोजित करने को कहा।

### यातायात नियमों का उल्लंघन

यातायात नियमों के उल्ल्घन करने पर पुलिस विभाग द्वारा जनवरी 2025 से सितम्बर 2025 की अवधी के दौरान 94827 चालानों के तहत 02 करोड 90 लाख 14 हजार रूपयें की राशि के चालान जारी किए गए। जिनमें अधिकांश ओवर स्पीड, दो पहिया वाहन पर बिना हैलमेंट व ट्रिपलिंग सवारी के चालान, शराब पीकर वाहन चालाना व वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग करना इत्यादि शामिल है। वहीं परिवहन विभाग द्वारा सितम्बर माह में ओवरलोडिग पर 142 चालान पर 70 लाख 48 हजार 5 सौ रूपयें की राशि के चालान जारी किए गए।